सं०सं०—17/एफ 1—24/2020

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शिशिर कुमार मिश्रा,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

सचिव,
मगध इन्स्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी,
पत्राचार का पता—दीघा—रूपसपुर नहर, नासरीगंज, दानापुर,
जिला—पटना, पिन कोड—801503

पटना, दिनांक :— / /2021

विषय :— मगध इन्स्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी, दीघा—रूपसपुर नहर, नासरीगंज, दानापुर, जिला—पटना को डी० फार्म एवं बी० फार्म पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण—पत्र प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सचिव, मगध इन्स्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी के पत्रांक—MP/12/20 दिनांक—04.06.2020 द्वारा अभ्यावेदन समर्पित कर मगध इन्स्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी में डी० फार्म एवं बी० फार्म पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण—पत्र प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

इस परिप्रेक्ष्य में संस्थान के स्थल निरीक्षण हेतु विभागीय आदेश सं0—1272(17) दिनांक—31.12.2020 द्वारा चार सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया था।

जाँच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर बिहार चिकित्सा शिक्षा संस्था (विनियमन और नियंत्रण) (संशोधन) विधेयक, 1993 द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा निहित प्रावधानों के अधीन मगध इन्स्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी, दीघा—रूपसपुर नहर, नासरीगंज, दानापुर, जिला—पटना को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया (PCI) के विनियमों/मानकों/प्रावधानों के शर्त्ताधीन सत्र—2020—2021 से डी० फार्म पाठ्यक्रम के 60 सीटों एवं बी० फार्म पाठ्यक्रम के 100 सीटों पर पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate) अगले आदेश तक प्रदान किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह०/—

(शिशिर कुमार मिश्रा)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक :—17/एफ1—24/2020 – 1074(17) पटना, दिनांक :— 31/12/2021

प्रतिलिपिः— निदेशक, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली—110070/निबंधक—सह—सचिव, फॉर्मेसी कॉउन्सिल ऑफ इंडिया, NBCC Centre 3rd Floor, Plot NO.2, Community Centre Maa Anandamai Marg, Okhla Phase-1, Landmark- (Near Hotel Crowne Plaza) New Delhi-110020 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— परीक्षा नियंत्रक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी प्राचार्य, राजकीय फॉर्मेसी संस्थान, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— रजिस्ट्रार, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना/पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/अपर सचिव (श्री कौशल किशोर) के आप्त सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—01, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

31/12/21

विशेष कार्य पदाधिकारी

D/Raumish sir/Letter